C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 214 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 25 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## ओएमआर शीट कांड को लेकर फिर आमने-सामने कांग्रेस-भाजपा

### गहलोत ने सरकार की चुप्पी पर उठाए सवाल, मुख्यमंत्री ने दिया जवाब

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**



राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की परीक्षाओं में ओएमआर शीट बदलने वाले गिरोह के पकड़े जाने के बाद राज्य की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर इस मामले को लेकर राज्य सरकार पर सवाल खड़े करते हुए भाजपा शासनकाल में हुई भर्ती परीक्षाओं की निष्पक्ष जांच की मांग दोहराई है। गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि ओएमआर शीट बदलने वाले गिरोह के पकड़े जाने के पांच दिन बीत जाने के बावजूद राज्य सरकार की चुप्पी चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए आजीवन कारावास, 10 करोड़ रुपये जुर्माना और दोषियों की संपत्ति जब्त करने जैसा देश का सबसे सख्त कानून बनाया था और बिना भेदभाव के आरपीएससी सदस्य तक को जेल भेजकर उदाहरण पेश किया गया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा कि 'जीरो टॉलरेंस' का दावा करने वाली भाजपा सरकार बताए कि वह अपने कार्यकाल 2024-25 के दौरान हुई भर्ती परीक्षाओं की निष्पक्ष जांच कराने की घोषणा से क्यों बच रही है। उन्होंने सवाल किया कि क्या सरकार युवाओं के साथ न्याय नहीं करना चाहती।

गहलोत के आरोपों पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा नेताओं ने पलटवार किया है। मुख्यमंत्री ने सिरोही की सभा और जयपुर में आयोजित मेगा पीटीएम कार्यक्रम में कहा कि वर्ष 2019 की परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों के तार पूर्व सरकार तक जाते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ओएमआर शीट का मामला पूर्व मुख्यमंत्री के घर तक पहुंचता है, लेकिन उन्हें यह दिखाई नहीं देता।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवाओं के साथ अन्याय करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोषी चाहे कोई भी हो, कार्रवाई तय है।

## केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत आज भीलवाड़ा दौरे पर

### मालासेरी डूंगरी में देवनारायण जी के 1114वें जन्म वर्ष समारोह में लेंगे भाग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार को भीलवाड़ा जिले के दौरे पर रहेंगे। अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री सुबह 9.00 बजे जयपुर से प्रस्थान कर सुबह 11.00 बजे अजमेर पहुंचेंगे, जहां वे स्थानीय कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।

इसके पश्चात मंत्री सुबह 11.15 बजे अजमेर से प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे जिले के आसींद क्षेत्र स्थित मालासेरी डूंगरी पहुंचेंगे। यहां वे भगवान श्री देवनारायण जी के 1114वें जन्म वर्ष समारोह में भाग लेंगे।

कार्यक्रम उपरांत केंद्रीय मंत्री अपराह्न 3.30 बजे मालासेरी डूंगरी से प्रस्थान कर उदयपुर स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

## कॉलोनी में घुसा बेकाबू कंटेनर, गार्ड के केबिन समेत कई वाहन क्षतिग्रस्त





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर में नशे में धुत कंटेनर चालक ने शुक्रवार शाम कॉलोनी में घुसकर जमकर उत्पात मचाया। चित्तौड़गढ़ रोड स्थित सुखाड़िया स्टेडियम के पास कमला विहार क्रिस्टल कॉलोनी में कंटेनर ने पहले सिक्योरिटी गार्ड के केबिन को तोड़ा, फिर करीब 500 मीटर तक गली में दौड़ते हुए 7 कारों और एक बाइक को टक्कर मार दी।

घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने कंटेनर रोकने की कोशिश की, कुछ लाठियां लेकर दौड़े तो कुछ बाइक से पीछा करते रहे। एक युवक ने ड्राइवर को पकड़ने के लिए केबिन में चढ़ने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने रफ्तार बढ़ा दी। जान बचाने के लिए युवक को कूदना पड़ा।

सूचना पर प्रतापनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। चालक कंटेनर सहित फरार हो गया। पुलिस नशे में वाहन चलाने वाले आरोपी की तलाश और मामले की जांच में जुटी है।

## नींद में था परिवार, धमाके से पलभर में ढह गया कमरा





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर में शनिवार सुबह एक तेज धमाके से हड़कंप मच गया। धमाका इतना जबरदस्त था कि एक कमरे की दीवारें और छत ढह गईं। उस वक्त कमरे में पति-पत्नी और उनकी दो मासूम बच्चियां सो रही थीं, लेकिन गनीमत रही कि चारों की जान बच गई। प्रारंभिक तौर पर हादसे की वजह गैस रिसाव मानी जा रही है।

यह हादसा शनिवार सुबह करीब 5 बजे प्रताप टॉकीज के पास स्थित आर्य समाज स्कूल परिसर में बने एक कमरे में हुआ। धमाके की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो कमरे का सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी टीवी पर गिर चुकी थी और मलबा चारों तरफ फैला हुआ था।

परिजनों के अनुसार, चारों गहरी नींद में थे कि अचानक जोरदार धमाका हुआ। कुछ ही सेकेंड में किचन और कमरे की दीवार गिर गई, अन्य दीवारों में दरारें आ गईं। परिवार संभल पाता, उससे पहले छत का हिस्सा भी ढह गया और पूरा मलबा नीचे आ गिरा। रसोई का सारा सामान मलबे में दब गया।

धमाके की तीव्रता इतनी थी कि दीवार से सटी अलमारी उछलकर टीवी पर गिर गई और वह भी टूट गया। पड़ोसियों की मदद से किसी तरह परिवार को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

शुरुआत में माना गया कि गैस सिलेंडर फटने से धमाका हुआ, लेकिन मौके पर रखी दोनों गैस टंकियां पूरी तरह सुरक्षित मिलीं और उन पर जलने के कोई निशान नहीं थे। हालांकि परिजनों का कहना है कि गैस रिसाव के कारण ही यह धमाका हुआ होगा।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे कमरे व स्कूल परिसर की जांच की, लेकिन धमाके के सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया।

पड़ोसियो ने बताया कि वह सुबह करीब 4:45 बजे पूजा कर रही थीं, तभी तेज धमाके की आवाज आई। बाहर देखा तो धूल का गुबार छाया हुआ था। मौके पर पहुंचने पर देखा कि जिस कमरे में धमाका हुआ, वहां पति-पत्नी और दो बच्चियां सो रही थीं। धमाके से उनके बिस्तर पर भी छोटे-बड़े पत्थर गिरे थे, लेकिन सभी सुरक्षित थे।

## मनरेगा बचाओ आंदोलन, कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ धरना-अनशन किया



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को कमजोर करने की साजिशों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) के महेश मंडल द्वारा मनरेगा बचाओ आंदोलन के तहत आर के कॉलोनी कम्युनिटी हॉल के पास भीलवाड़ा में महेश मंडल प्रभारी गुड़वीन मसीह और सह-प्रभारी राज कुमार पायक के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना-अनशन का आयोजन किया गया।

यह धरना प्रदर्शन शनिवार सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद की।

महेश मंडल अध्यक्ष सत्य नारायण तोतला ने बताया कि केंद्र सरकार मनरेगा कानून में बदलाव कर इसे समाप्त करने की दिशा में काम कर रही है। राज्य सरकारों पर 40 प्रतिशत वित्तीय भार डालने, योजना का नाम बदलने और कानून में संशोधन जैसे प्रस्ताव गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण जनता के हक पर सीधा हमला हैं। कांग्रेस इन शर्तों को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) के मार्गदर्शन में महेश मंडल प्रभारी गुड़वीन मसीह और सह-प्रभारी राज कुमार पायक के नेतृत्व में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) के जिलाध्यक्ष शिवराम जीपी खटीक रहे। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं बल्कि गरीबों का जीवन सुरक्षा कवच है, जिसे भाजपा सरकार लगातार कमजोर करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस पार्टी सड़क से संसद तक इस लड़ाई को मजबूती से लड़ेगी।

कार्यक्रम का संचालन निसार सिलावट ने किया। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक, राजेंद्र जैन, अनिल राठी, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष हमीद रंगरेज, मोहम्मद हारून रंगरेज, पार्षद प्रकाश चंद्र ओझा, डॉ. फरियाद मोहम्मद,शिवराज सुराणा, गोपाल शिबू खान, दिनेश बैरवा, कुणाल गोरण (भूपेंद्र), लक्ष्मी नारायण मेवाड़ा, मीठ सिंह चौहान, संजय यादव, उमेश कुमार टेलर, रतन लाल धोबी, दीपक व्यास, करण सिंह, सुभाष चंद्र आर्य, मुकेश जयसवाल, रोहित राठोड़, भवर सिंह राठौड़ , मनजीत सिंह , महेंद्र, पत्रकार रवि पायक सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।धरना-अनशन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर मनरेगा को बचाने का संकल्प लिया।

## गणतंत्र दिवस पर यातायात व्यवस्था बदली, पार्किंग व रूट डायवर्जन लागू

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह पुलिस लाइन परेड ग्राउंड, में आयोजित किया जाएगा। समारोह के दौरान यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा पार्किंग व रूट डायवर्जन की विशेष व्यवस्था की गई है।

प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार संतोषी माता मंदिर रोड पांडु के नाले की ओर से आने वाले दुपहिया व चारपहिया वाहनों की पार्किंग अजूबा नर्सरी के पास रहेगी, जबकि खडेश्वर जी महाराज मंदिर की ओर से आने वाले दुपहिया व चारपहिया वाहनों के लिए एम.टी.एम. परिसर में पार्किंग निर्धारित की गई है। खडेश्वर जी महाराज मंदिर की ओर से छात्र-छात्राओं को लाने वाली बसों की पार्किंग संतोषी माता मंदिर रोड रेलवे लाइन के पास की जाएगी। वहीं वीआईपी, विशिष्टजन, मीडिया एवं सरकारी वाहनों की पार्किंग पुलिस लाइन स्थित जी.डी./आर.आई. कार्यालय के पास हॉकी ग्राउंड में रहेगी। प्रशासन ने सभी आगंतुकों से अपील की है कि वे अपने वाहन समारोह प्रारंभ से लेकर समाप्ति तक निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े करें।

समारोह के चलते पुलिस लाइन के आसपास की कॉलोनियों के आवागमन के लिए रूट डायवर्जन भी लागू रहेगा। संतोष कॉलोनी, चपरासी कॉलोनी एवं मारुति कॉलोनी का यातायात पांडु के नाले अंडरब्रिज व गायत्री आश्रम मार्ग से होकर शहर में प्रवेश करेगा। शिव नगर, विवेकानंद नगर तथा पुलिस लाइन के पास से गुजरने वाला यातायात रामनगर सर्किट हाउस रोड के माध्यम से शहर की ओर जाएगा। वहीं खडेश्वर जी महाराज मंदिर से संबंधित कॉलोनियों की ओर जाने वाला यातायात रामनगर सर्किट हाउस रोड, ओवरब्रिज, अजमेर चौराहा, गायत्री आश्रम एवं पांडु के नाले मार्ग से अपने गंतव्य तक पहुंचेगा।प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन कर सहयोग करें, ताकि गणतंत्र दिवस समारोह शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

C M Y K

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिका जन्मोत्सव व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग की ओर से उपखंड क्षेत्र की बराना ग्राम पंचायत स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही उपस्वास्थ्य केंद्र पर बेटी जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर बालिका जन्म, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या एवं बाल विवाह जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बालिकाओं ने अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज को सशक्त संदेश दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बालिकाएं समाज और देश का भविष्य हैं तथा उनकी शिक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ, महिला अधिकारिता विभाग की ब्लॉक सुपरवाइजर हेमलता मौर्य, साथिन मीना पारिक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# फ़ोकस इंपेक्ट : अव्यवस्थित स्पीड ब्रेकर बने थे जानलेवा, भीलवाड़ा फोकस की खबर के बाद हरकत में आया विभाग

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

नगर के उपखंड कार्यालय व सिविल कोर्ट के सामने ग़लत और अव्यवस्थित ढंग से बने स्पीड ब्रेकरों को लेकर भीलवाड़ा फोकस में समाचार के प्रकाशन एवं प्रसारण के बाद प्रशासनिक स्तर पर असर देखने को मिला है। खबर सामने आने के बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए न्यायालय के बाहर बने एक खतरनाक स्पीड ब्रेकर को जेसीबी की सहायता से हटा दिया है।

गौरतलब है कि इन अव्यवस्थित स्पीड ब्रेकरों के कारण आए दिन वाहन दुर्घटनाएं हो रही थीं, जिनमें कई वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो चुके थे। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुमित जोशी ने इस समस्या को लेकर विभाग की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए मानकों के अनुसार स्पीड ब्रेकर निर्माण और उचित चिह्नांकन की मांग की थी।

भीलवाड़ा फोकस की खबर के बाद उठाए गए इस कदम से वाहन चालकों और आमजन को आंशिक राहत जरूर मिली है, लेकिन समस्या अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। हटाए गए और शेष बचे स्पीड ब्रेकरों पर अब तक सफेद लाइन नहीं की गई है, जिससे खासकर रात्रि के समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।


भीलवाड़ा फोकस

अव्यवस्थित स्पीड ब्रेकर बने जानलेवा, रोज़ाना हो रहे हादसे

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

नगर के उपखंड कार्यालय और सिविल कोर्ट के सामने ग़लत व अव्यवस्थित ढंग से बनाए गए स्पीड ब्रेकर अब आमजन और वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। इन स्पीड ब्रेकरों के कारण यहाँ आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं, जिनमें कई वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं।

बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुमित जोशी ने इस गंभीर स्थिति को लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक और न्यायिक कार्यालयों के बाहर बने स्पीड ब्रेकर न तो मानकों के अनुरूप हैं और न ही सही तरीके से चिह्नित किए गए हैं, जिससे खासकर रात के समय वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने मांग की है कि इन स्पीड ब्रेकरों को मानकों के अनुसार पुनः बनाया जाए, उन्हें व्यवस्थित किया जाए तथा स्पष्ट रूप से सफेद रंग से पेंट किया जाए ताकि दूर से ही दिखाई दें और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो।

सुमित जोशी ने बताया कि इन अव्यवस्थित स्पीड ब्रेकरों की वजह से हुई दुर्घटनाओं में कई घायलों को गंभीर हालत में भीलवाड़ा जिला अस्पताल रेफर करना पड़ा है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो भविष्य में और भी गंभीर हादसे हो सकते हैं।



स्थानीय नागरिकों व वाहन चालकों का कहना है कि यदि सभी स्पीड ब्रेकरों को मानकों के अनुरूप व्यवस्थित कर उन पर स्पष्ट व्हाइट लाइन की जाए, तो दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लग सकती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि शेष स्पीड ब्रेकरों पर भी शीघ्र सुधार कार्य किया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सके।

# अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**रमेश गुर्जर ।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर संस्कार भारती सी. सै. स्कूल, में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिविल न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागज़ी ने छात्र-छात्राओं को कन्या भ्रूण हत्या एवं बाल विवाह निरोध से संबंधित कानूनों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।






अपने संबोधन में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कहा कि सभ्य, शिक्षित एवं समर्थ समाज के निर्माण के लिए केवल शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि नागरिकों का अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि देश की न्याय व्यवस्था प्रत्येक नागरिक को समता, समानता और समरसता की गारंटी देती है, लेकिन इसके लिए कानून के प्रति जागरूकता अनिवार्य है।कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रवेश द्वार पर आकर्षक रंगोली सजाई गई। कार्यक्रम के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट ने विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं से पृथक संवाद कर आरएएस, आरजेएस सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी भी दी तथा लक्ष्य निर्धारण के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विद्यालय निदेशक आदर्श सोनी ने न्यायिक मजिस्ट्रेट का शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। साथ ही उनके साथ आए अधिवक्ता सुनील बाकलीवाल, हर्षवर्धन, प्रकाश अहीर, पी.एल.वी. राम बाबू माथुर एवं अंजली नायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। निदेशक सोनी ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं दिव्य जीवन संस्थान द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी भी दी।कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भीमेश्वर महादेव मंदिर में आज मनेगी भव्य नर्मदा जयंती, 501 दीपकों से रोशन होगा शिवालय

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के मध्य स्थित तेजाजी चौक के भीमेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को नर्मदा जयंती का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर प्रबंधन और श्रद्धालुओं द्वारा तैयारियां जोरों पर हैं। भक्त प्रहलाद खटीक ने बताया कि प्रतिवर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस बार भी नर्मदा जयंती पर शाम को मां नर्मदा के सम्मान में 501 दीपकों का प्रज्वलन कर दीपोत्सव मनाया जाएगा, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय रोशनी से सराबोर हो उठेगा। मंदिर के पुजारी पंडित भरतराम जोशी दयालु ने बताया कि इस दिन संध्या को विशेष महाआरती और भव्य आतिशबाजी का आयोजन होगा। इसके पश्चात रात्रि 8 बजे से विशाल भजन संध्या का आगाज होगा, जिसमें सुप्रसिद्ध स्थानीय कलाकार भंवर लाल वैष्णव, धर्मेश कोली, कमल कुमार राव और अमन राव अपनी सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियों से भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगे। भरतराम ने इस दिन की धार्मिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नर्मदा जयंती पर विशेष विधान का पालन किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस पावन तिथि पर नमक का त्याग करने (नमक नहीं खाने) से मनुष्य को पुराने कर्ज और ऋणों से मुक्ति मिलती है। इसी आस्था के चलते क्षेत्र के कई श्रद्धालु इस नियम का संकल्प लेते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित भक्तों को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।



# सेन समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में 49 जोड़े बने हमसफर



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

हरनी महादेव मेला ग्राउंड में सेन समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति द्वारा 9वां सामूहिक विवाह सम्मेलन धूमधाम से आयोजित किया गया, जिसमें सेन समाज के 49 नवयुगलों ने एक साथ सात फेरे लेकर दांपत्य जीवन की शुरुआत की। सम्मेलन में राजस्थान के विभिन्न जिलों से समाजबंधुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

समिति अध्यक्ष दुर्गालाल सेन ने बताया कि आयोजन में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना, भीलवाड़ा शहर विधायक अशोक कोठारी, कोटड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, गोपाल तेली व मनोज बुलानी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समिति के पूर्व अध्यक्ष भगत सेन व कार्यकारी अध्यक्ष रतन सेन भादू ने आयोजन की जानकारी दी।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान ठाकुर जी की भव्य बारात से हुई। पाणिग्रहण संस्कार आचार्य मुरलीधर पंचोली के नेतृत्व में 42 पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। समिति सचिव बाबूलाल सेन ने बताया कि सम्मेलन में मुख्तियार सिंह सेन, सौभाग, कंचन सेन पुष्कर, लाखन सेन, देवकिशन सेन, धन्ना सेन, सत्यनारायण सेन, जानकीलाल सेन, हरीश सेन, विनय सेन, सोहनलाल सेन, गोविंद सेन, ओमप्रकाश सेन, सोनू सेन, दिनेश सेन, शंकर सेन, गोपाल सेन, शांतिलाल सेन, उदयलाल सेन, लादूलाल सेन, नंदलाल सेन, प्रकाश सेन, प्रहलाद सेन, अनिल सेन, नारायण सेन, महावीर सेन, रमेश सेन सहित समाज के कई गणमान्यजन मौजूद रहे।

मंच संचालन नरेश सईवाल ने किया। मीडिया से दिनेश सेन, सत्यनारायण सेन गुरला, विनोद सेन व प्रवीण सेन ने कवरेज किया। सम्मेलन के सफल आयोजन पर समिति व भामाशाहों का आभार व्यक्त किया गया।

# स्व. माणिक्य लाल वर्मा की 57वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**नरेश धाकड़** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उमा जी का खेड़ा में स्वतंत्रता सेनानी एवं किसान आंदोलन के प्रणेता स्व. माणिक्य लाल वर्मा की 57वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने स्व. वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोपाल खंडेलवाल रहे, जबकि अध्यक्षता माणिक्य लाल वर्मा स्मारक समिति के अध्यक्ष भूरालाल धाकड़ ने की। इस अवसर पर विधायक खंडेलवाल ने स्व. माणिक्य लाल वर्मा के स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान को याद करते हुए विद्यार्थियों से उच्च शिक्षा प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मौजूद अन्य वक्ताओं ने भी स्व. वर्मा द्वारा देशहित एवं क्षेत्रहित में किए गए कार्यों की सराहना की। साथ ही आगामी वर्ष आयोजित होने वाले पुष्पांजलि कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वेटर एवं जर्सी वितरण करने का निर्णय भी लिया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय धाकड़ ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, डॉ. डी.एस. मेहर, ऊपरमाल किसान पंचायत अध्यक्ष सुगनलाल धाकड़, कुलदेवी फूला मां प्रबंध समिति अध्यक्ष हीरालाल धाकड़, सरपंच प्रतिनिधि दिनेश धाकड़, खनन व्यवसायी प्रभुलाल धाकड़, डॉ. शिवदयाल धाकड़, कन्हैयालाल धाकड़, नंदलाल धाकड़, भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष सुनील जोशी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज गोधा, पूर्व जिला परिषद सदस्य अंकित तिवाड़ी, संजय चौहान, ओमप्रकाश मेड़तिया, वेदप्रकाश तिवारी सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# भाजपा फुलिया कलां मंडल की कार्यकारणी घोषित

## मंडल अध्यक्ष अभिषेक मेवाड़ा ने अपनी कार्यकारणी का किया विस्तार.

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

**(किशन वैष्णव)** भारतीय जनता पार्टी भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के निर्देशानुसार एवं शाहपुरा बनेड़ा विधायक लालाराम बैरवा की सहमति से फुलिया मंडल अध्यक्ष अभिषेक कलाल ने कार्यकारिणी की घोषणा की है । उपाध्यक्ष पद पर कमलेश देवी माली (कोठियां) नीलम बेरवा (रामपुरा) रामनिवास प्रजापत (राजपुरा) लक्ष्मण वैष्णव (धनोप) प्रहलाद जाट (फुलिया कला) हैमराज गुर्जर,महामंत्री जगदीश प्रजापत (नई राज्यास) रामजस गुर्जर (डोई का खेडा) मंत्री पद मीरा देवी भील (भीलो का झोपड़ा) चंदा देवी खारोल (बालापुरा) प्रिया देवी शर्मा (देवरिया) घनश्याम सेन (तशवारिया बासा) ताराचंद रेगर,पंकज कुमावत,कोषाध्यक्ष ऐरी लाल दरोगा (बागथला) को नियुक्त किया गया है।

# गणतंत्र दिवस समारोह के स्थल में बड़ा बदलाव, अब महात्मा गांधी विद्यालय में होगा उपखंड स्तरीय आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**

गणतंत्र दिवस के उपखंड स्तरीय मुख्य सार्वजनिक समारोह के आयोजन स्थल में इस बार महत्वपूर्ण परिवर्तन किया गया है। पूर्व में यह कार्यक्रम पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित किया जाता था, किंतु इस वर्ष यह आयोजन महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय आसींद में संपन्न होगा। उपखंड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट परमजीत सिंह के आदेशानुसार, आयोजन स्थल को परिवर्तित कर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय परिसर को चुना गया है। मुख्य सार्वजनिक समारोह कस्बे के महात्मा गांधी विद्यालय परिसर में सुबह 9:05 बजे ध्वजारोहण के साथ किया जाएगा। मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता समारोह के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी परमजीत सिंह , अध्यक्षता हुरड़ा-आसींद विधायक जब्बरसिंह सांखला व नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।



QUICK BITES

## समृद्धि प्रतियोगिता में भीलवाड़ा की व्याख्याता का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



शिक्षा के क्षेत्र में जिले के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापूनगर में कार्यरत जीव विज्ञान की व्याख्याता गौरव कुमारी का प्रतिष्ठित समृद्धि प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 25 से 30 जनवरी तक भुवनेश्वर में आयोजित होगी, जिसमें देशभर से चयनित प्रतिभागी भाग लेंगे।

विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता नानकानी ने बताया कि गौरव कुमारी ने पहले जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, इसके पश्चात जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष पांच प्रतिभागियों में स्थान बनाया, जिसके आधार पर उनका राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ।

गौरव कुमारी ने अपनी इस सफलता का श्रेय विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य अवधेश कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन, स्टाफ के निरंतर सहयोग तथा विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए सकारात्मक शैक्षिक वातावरण को दिया।

इस अवसर पर शिक्षा विभाग की अधिकारी डॉ. कल्पना शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि शिक्षा विभाग भीलवाड़ा के लिए गर्व की बात है और इससे अन्य शिक्षक भी प्रेरित होंगे।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्रतियोगिताओं व बेटी जन्मोत्सव का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



**रमेश गुर्जर**

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शनिवार को महिला अधिकारिता विभाग की ओर से महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, वहीं पंचायत सुखपुरा के उपस्वास्थ्य केंद्र पर बेटी जन्मोत्सव  कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहित करना, उनके प्रति सकारात्मक सामाजिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा समाज में व्याप्त दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या एवं बाल विवाह जैसी कुरीतियों के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। विद्यालय में प्रधानाचार्या किरण मेवाड़ा एवं पर्यवेक्षक महिला अधिकारिता अर्चना राव के निर्देशन में बालिका जन्म, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या एवं बाल विवाह जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने रचनात्मक विचारों के माध्यम से समाज को सशक्त संदेश दिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ ने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बालिकाएं समाज और देश का भविष्य हैं तथा उनके अधिकारों और शिक्षा को सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ रेणु शर्मा, नेहा सोनी, सुमित्रा गुर्जर, पूजा माहेश्वरी, शिवराज राठौर, महावीर सोलंकी, हेमंत बैरवा, ग्राम साथिन रेखा शर्मा, मंजू बलाई एवं एएनएम सुमन मीणा उपस्थित रहीं। आयोजन से बालिकाओं में आत्मविश्वास एवं जागरूकता का संचार हुआ।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# संतों के सानिध्य में सनातन मंगल महोत्सव का शुभारंभ, भूमि पूजन व धर्मध्वजा स्थापना संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**मूलचन्द पेसवानी**

हरि सेवा उदासीन आश्रम स्थित सनातन मंदिर में आगामी 19 से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले भव्य दीक्षा दान समारोह के उपलक्ष्य में शनिवार को सनातन मंगल महोत्सव का शुभारंभ विधिवत भूमि पूजन एवं धर्मध्वजा स्थापना के साथ किया गया। कार्यक्रम संतों के सानिध्य में धार्मिक उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुई। इंदौर से पधारे स्वामी संतराम ने स्वागत गीत 'हम गीत सनातन गाएंगे, नित्य झंडा धर्म झुलायेंगे' प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं में ऊर्जा का संचार किया। ब्रह्मचारी बालक इंद्रदेव एवं सिद्धार्थ ने भजन 'ये जो केसरी के लाल' तथा 'जाहि विधि राखे राम ताहि विधि रहिये' की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। राम-राम की धुन के सामूहिक संकीर्तन से पूरा आश्रम परिसर भक्तिरस में सराबोर हो गया।

**दीप प्रज्ज्वलन के बाद हुआ विष्णु यज्ञ स्थल का पूजन**

महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन एवं संत मंडल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया। इसके बाद विधिवत विष्णु यज्ञ स्थल की भूमि का पूजन संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार पंडित रोशन शास्त्री, पं. सत्यनारायण, पं. मनमोहन



एवं पं. मनीष द्वारा कराया गया। मंत्रोच्चार और शंखनाद के साथ वातावरण आध्यात्मिक हो उठा। कार्यक्रम के अंतर्गत धर्मध्वजा की स्थापना की गई, जिसकी सेवा मातृशक्ति द्वारा की गई।

**तीन ब्रह्मचारियों को दी जाएगी संत दीक्षा**

इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'संत परंपरा में दीक्षा दान केवल व्यक्तिगत साधना नहीं बल्कि राष्ट्र और धर्म की रक्षा का संकल्प होता है। संत-महात्मा समय-समय पर अपने शिष्यों को दीक्षा देकर उन्हें सेवा, त्याग और तपस्या के मार्ग पर अग्रसर करते हैं। 'उन्होंने बताया कि हरि सेवा उदासीन आश्रम द्वारा इस वर्ष तीन ब्रह्मचारियों को संत दीक्षा दी जाएगी, जिससे वे देश और सनातन धर्म की सेवा के लिए पूर्ण रूप से समर्पित होंगे। फरवरी माह में आयोजित होने वाले सनातन मंगल महोत्सव के दौरान पूजा-पाठ, पारायण, यज्ञ, प्रवचन एवं विविध धार्मिक आयोजन होंगे, जिनका लाभ सभी सनातन धर्मावलंबियों को लेना चाहिए। आयोजन का उद्देश्य समस्त सनातन समाज को एक सूत्र में पिरोना है। उन्होंने कहा कि समाज बड़ा या छोटा नहीं होता, सेवा और संस्कार ही सबसे बड़ी पहचान होते हैं।

**समाज को जोड़ने का कार्य कर रहा आश्रम : लक्ष्मणदास त्यागी**

महंत लक्ष्मणदास त्यागी ने कहा कि हरि सेवा उदासीन आश्रम द्वारा देश व सनातन धर्म के लिए किए जा रहे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सभी वर्गों के लोगों से इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

महंत स्वरूपदास उदासीन ने दीक्षा दान समारोह में पधारे सभी संतों, अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर संतों के सानिध्य में दीक्षा दान समारोह एवं सनातन मंगल महोत्सव की विस्तृत रूपरेखा वाली निमंत्रण पत्रिका का पूजन भी किया गया।

**संत-महंतों व जनप्रतिनिधियों की रही मौजूदगी**

कार्यक्रम में महंत लक्ष्मणदास त्यागी, महंत बाबूगिरी महाराज, महंत मोहनशरण शास्त्री, महंत स्वरूपदास उदासीन (अजमेर), महंत हनुमानराम उदासीन (पुष्कर), महंत ईश्वरदास (अजमेर), महंत अर्जुनदास (अजमेर), महंत माधवदास (इंदौर), महंत मोहनदास, संत संतदास (इंदौर), संत मुरारीदास, महंत रामायणीदास, महंत आशुतोष, संत मयाराम, संत राजाराम, संत गोविंदराम सहित अनेक संत-महापुरुष उपस्थित रहे।

वहीं शहर विधायक अशोक कोठारी, नगर निगम महापौर राकेश पाठक, चाँदमल सोमानी, रविंद्र जाजू, सुरेश गोयल, हेमंत वच्छानी, हीरालाल गुरनानी, अशोक मूंदड़ा, प्रकाश छाबड़ा, वीरूमल पुरसानी, विनोद झूरानी, रमेश मूंदड़ा, परमानंद गुरनानी, संजय राठी, कांतिलाल जैन, बद्रीलाल सोमानी, कैलाश खोईवाल, महावीर खंडेलवाल, दिनेश विजयवर्गीय, कैलाश सोनी, अमित खत्री, इंद्र अवतानी, पल्लवी वच्छानी, खुशबू शुक्ला, शिवानी भरावा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

निर्माण कार्य सेवादार धन्ना माली की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन हनुमान अग्रवाल ने किया।

## भगवान देवनारायण की 1114वीं जयंती बिलिया आनणा देवनारायण का प्रसिद्ध मेला आज

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

(किशन वैष्णव) भगवान देवनारायण की 1114वीं जयंती के पर बिलिया में आनणा देवनारायण का क्षेत्र का प्रसिद्ध एवं विशाल मेला आयोजित होगा,मेले को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और सैकड़ों गांवों से श्रद्धालुओं प्रसिद्ध मेले में पहुंचेंगे,

मेले की शुरुआत बिलिया गांव स्थित भगवान देवनारायण के मंदिर से भव्य शोभायात्रा के साथ होगी। शोभायात्रा चारभुजा नाथ मंदिर पहुंचेगी, जहां से विशाल झंडा लेकर भगवान देवनारायण की गादी को घोड़े पर विराजित किया जाएगा। इसके पश्चात गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-गाते श्रद्धालु करीब 2 किलोमीटर की पदयात्रा कर आनणा देवनारायण मंदिर पहुंचेंगे।आनणा देवनारायण मंदिर परिसर में क्षेत्र का सबसे बड़ा और प्रसिद्ध मेला आयोजित होगा। यह मेला वर्षों पुरानी परंपरा, सामाजिक समरसता और श्रद्धा का प्रतीक माना जाता है, जिसमें दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे।पुजारी रामेश्वर भोपा ने बताया कि भगवान देवनारायण की जयंती के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना,



आरती एवं धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। श्रद्धालु भगवान देवनारायण से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे।

उन्होंने बताया कि जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार शाम को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध भजन कलाकारों द्वारा भगवान देवनारायण की महिमा पर आधारित भजनों की प्रस्तुतियां दी गई।मेले को लेकर दुकानदारों द्वारा पांच दिन पूर्व से ही तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।विशाल मेले में प्रति वर्ष की भांति पुलिस जाप्ता मौजूद रहता है।इस मेले में भजन कीर्तन व अलगोचा प्रसिद्ध रहता है।

## न्याय आपके द्वार अभियान के तहत व्यापारियों को दी लोक अदालत की जानकारी

**तीन माह तक जन उपयोगी समस्याओं का निःशुल्क समाधान, 10 फरवरी तक चलेगा अभियान**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं स्थायी लोक अदालत भीलवाड़ा द्वारा संचालित 'न्याय आपके द्वार' तीन माह के विशेष अभियान के तहत सदर बाजार स्थित गोल प्याऊ पर व्यापारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों को स्थायी लोक अदालत की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय जैन, स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष शहाबुद्दीन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव विशाल भार्गव के निर्देशानुसार आयोजित किया गया।



स्थायी लोक अदालत के सदस्य गोवर्धन सिंह कावड़िया ने बताया कि स्थायी लोक अदालत आमजन की लोक उपयोगी सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का सुलभ, त्वरित एवं निःशुल्क समाधान प्रदान करती है। अभियान के अंतर्गत 10 फरवरी तक समस्त प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। उन्होंने बताया कि स्थायी लोक अदालत में बिजली, पानी, परिवहन, बैंकिंग व बीमा, नगर निकाय, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, भू-संपदा, एलपीजी जैसी लोक उपयोगी सेवाओं से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जाती है। जन उपयोगी समस्याओं के लिए विहित प्रारूप अथवा सरल हस्तलिखित प्रार्थना पत्र रालसा के मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप के माध्यम से तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर पर भेजे जा सकते हैं।

कार्यक्रम में राजेश कंकरेचा, अरुण संतोष मुछाल, सत्यनारायण डाणी, विनोद गगरानी, शिव डांगी, शिव अग्रवाल, अरविंद मुछाल, सुनील चौधरी, सुशील जैन, सुभाष जैन, मनोज तुलसानी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बिजोलिया में गणतंत्र दिवस पर दो पत्रकारो सहित 37 प्रतिभाओं का होगा सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।

नगर के राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय के नवीन भवन पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, समाजसेवियों, भामाशाहों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं स्वच्छता दूतों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया जाएगा। चयन समिति द्वारा कुल 37 प्रतिभाओं की पारितोषिक सूची जारी की गई है।

सूची के अनुसार कला एवं अभिनय के क्षेत्र में जयपुर में आयोजित इंडिया टॉप



मॉडल सीजन-8 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली त्विषा नागौरी, आईआईटी गुवाहाटी में अध्ययनरत सूजल कोली, वीरगाथा प्रतियोगिता में जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले गणेश रैगर सहित कई विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। खेल जगत में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय उपलब्धियां हासिल करने वाली तानिया मीणा, विनोद बंजारा, सोलंकी रावत, द्य अखिलेश बंजारा एवं अविनाश धाकड़ को भी पारितोषिक प्रदान किया जाएगा। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में पद्माक्षी पुरस्कार प्राप्त करने वाली गर्वी सोनी एवं आशिया मंसूरी का भी सम्मान होगा।

समाजिक सेवा के क्षेत्र में निष्काम गौ सेवा तंत्र बिजौलियां, दिव्यजीवन हेल्थ एंड एजुकेशन सोसायटी, सामाजिक कार्यकर्ता शंभू सिंह शक्तावत, भामाशाह सुगन लाल धाकड़ एवं प्यारचंद धाकड़ को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए चयनित किया गया है।पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु दैनिक नवज्योति और भीलवाड़ा फोकस के पत्रकार नरेश कुमार धाकड़ एवं भीलवाड़ा फ़ोकस के पत्रकार रमेश गुर्जर को उपखण्ड स्तरीय पारितोषिक प्रदान किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त कृषि, विद्युत, शिक्षा, आयुष, चिकित्सा, एम्बुलेंस सेवा, नगर पालिका, स्वच्छता, निर्वाचन एवं प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों जिनमें कृषि पर्यवेक्षक, विद्युत विभाग के तकनीशियन, शिक्षक, स्वास्थ्यकर्मी, 108 एम्बुलेंस स्टाफ एवं स्वच्छता दूत शामिल हैं को भी सम्मानित किया जाएगा।

# अधिवक्ता स्नेह परिवार का स्नेह मिलन कार्यक्रम संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



अधिवक्ताओं में आपसी सौहार्द, सहयोग और संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से अधिवक्ता स्नेह परिवार द्वारा अधिवक्ता स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ एवं नव-नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान कर उनके दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के जिला सचिव पीरू सिंह गौड़ ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान भोलेनाथ एवं शिव परिवार को पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात बार कार्उंसिल ऑफ राजस्थान की अनुशासन समिति में मनोनीत एडवोकेट हेमेन्द्र शर्मा सहित जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहरलाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सहसचिव आदित्य सिंह चौहान, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली तथा राष्ट्रीय अधिवक्ता संयुक्त मंच की नवनियुक्त महिला प्रदेश सचिव सरिता स्वर्णकार का माला व मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष बालूलाल उपाध्याय, उपभोक्ता कल्याण समिति प्रदेश महामंत्री जितेंद्र मारु एवं भाजपा सुभाष मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह शेखावत का भी सम्मान किया गया। साथ ही उपभोक्ता कल्याण समिति प्रदेश कार्यालय प्रभारी अनिल कुमार पारिक, प्रदेश कार्यालय सचिव सूर्यप्रकाश सरगरा एवं अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद जिला सचिव पीरू सिंह गौड़ को सम्मानित किया गया।

आयोजन के दौरान अधिवक्ताओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही कानूनी विषयों पर उपयोगी जानकारियां साझा की गईं।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## शिक्षा, सुरक्षा, अधिकार व सशक्तिकरण को लेकर छात्राओं को किया जागरूक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग नगेन्द्र कुमार तोलम्बिया के निर्देशानुसार शनिवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, गुलमंडी में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को शिक्षा, अधिकार, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण विषयों पर जागरूक किया गया।

पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र की केन्द्र प्रबंधक गंगा दाधीच ने बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, उन्हें शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में सशक्त बनाना तथा समान अवसरों का संदेश देना है। प्रधानाचार्य सुनीता जीनगर ने कहा कि बालिकाएं समाज की रीढ़ हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। जेंडर स्पेशलिस्ट विजेता कंवर ने सामाजिक लिंग भेद पर जानकारी दी, वहीं विधिक परामर्शदाता सुमन खोईवाल ने साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए। सामाजिक परामर्शदाता सीमा शर्मा ने गुड टच-बैड टच व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर, निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर मंजु बाहेती, सविता अग्रवाल, अमिता वैष्णव, प्रीति शर्मा, मधु मंडोवरा, स्नेहलता पारीक ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र की प्रेरणा शर्मा एवं पूजा सोनी का विशेष सहयोग रहा।

# वीर बलिदानी हेमू कालाणी युवाओं के लिये प्रेरणास्रोत- स्वामी भगतप्रकाश

## सिन्धू युवा महोत्सव व प्रचार सामग्री का श्री अमरापुर स्थान पर विमोचन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**मूलचन्द पेसवानी**

स्वतंत्रता संग्राम में मात्र 19 वर्ष की आयु में देश के लिये बलिदान देने वाले वीर शहीद हेमू कालाणी का जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिये अत्यंत प्रेरणादायी है। ऐसे महापुरुषों के बलिदान से युवा वर्ग में देशभक्ति की भावना को सशक्त करने हेतु समाज को मिलकर कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहिए। उक्त विचार प्रेम प्रकाश मण्डलाचार्य स्वामी भगतप्रकाश ने व्यक्त किये।

वे श्री अमरापुर स्थान पर भारतीय सिन्धू सभा की ओर से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की प्रचार सामग्री एवं सिन्धू युवा महोत्सव के विमोचन अवसर पर संबोधित कर रहे थे। स्वामी भगतप्रकाश ने कहा कि हेमू कालाणी का जीवन त्याग, साहस और राष्ट्रप्रेम का अनुपम उदाहरण है। आज जब युवा पीढ़ी भौतिकता की ओर अग्रसर हो रही है, तब ऐसे बलिदानियों के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कार्य करना अत्यंत आवश्यक है।

स्वामी ने कहा कि भारतीय सिन्धू सभा द्वारा संचालित कार्यक्रमों से न केवल सिन्धी भाषा एवं संस्कृति को संरक्षण मिल रहा है, बल्कि सनातन संस्कारों को भी समाज में पुनः स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने मातृशक्ति एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि सेवा भाव से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं पर सदैव परमात्मा की विशेष कृपा बनी रहती है।

इस अवसर पर आश्रम के संत मनोहरलाल, संत मोनू सांई सहित संत-महात्मा एवं भारतीय सिन्धू सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश युवा प्रभारी महेंद्र कुमार तीर्थाणी, प्रदेशाध्यक्ष ईश्वरलाल मोरवाणी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

महानगर संरक्षक तुलसी संगताणी ने जानकारी देते हुए बताया कि युवा इकाई के सहयोग से प्रदेशभर में वीर बलिदानी हेमू कालाणी के बलिदान दिवस 21 जनवरी से जयंती दिवस 23 मार्च तक विविध देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रदेश स्तर से सभी




इकाइयों को रंग भरो प्रतियोगिता के लिये शीट्स, हेमू कालाणी का जीवन परिचय, बैनर एवं प्रशस्ति पत्र तैयार कर भिजवाये गये हैं, जिससे कार्यक्रमों को एकरूपता एवं व्यापक स्वरूप मिल सके।

प्रदेश संरक्षक मोहनलाल वाधवाणी ने बताया कि संगठन की ओर से इस वर्ष सिन्धू युवा महोत्सव के अंतर्गत अनेक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इनमें सिन्धू एकता दौड़, देशभक्ति से जुड़े खेलकूद प्रतियोगिताएं, रंग भरो प्रतियोगिता, रक्तदान एवं चिकित्सा शिविर, संगोष्ठियां, दीपदान कार्यक्रम, प्रभात फेरियां, चेटीचण्ड पर्व पर झांकियां तथा हेमू कालाणी के जीवन परिचय से संबंधित फोल्डर वितरण शामिल हैं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने हेमू कालाणी के बलिदान को नमन करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में ऐसे महापुरुषों की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित करना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी को सही दिशा देने का माध्यम है।

समारोह में डॉ. कैलाश शिवलाणी, हीरालाल तोलाणी, कमल जैरामानी, मातृशक्ति प्रदेशाध्यक्ष शोभा बसंताणी, प्रिया ज्ञानाणी, किरन होतवाणी, नवलकिशोर गुरनाणी, विष्णुदेव सामताणी, गोवर्धन आसनाणी, बी.डी. टेकवाणी, अशोक छाबड़ा, मूलचन्द बसंताणी, नारायण परनाणी, किशनचन्द भागवाणी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सूर्य सप्तमी पर विद्यालयों में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**



सूर्य सप्तमी के पावन अवसर पर भारतीय पारंपरिक योग प्रणाली के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश देते हुए शनिवार को कस्बे सहित आसपास के कई गांवों के विद्यालयों में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों व शिक्षकों ने एक साथ सूर्य नमस्कार कर योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया।

कस्बे के साथ-साथ बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, सोपुरा, ढेलाणा, खजीना, सालरिया, रेड़वास, कांदा, कुड़ी आदि गांवों के विद्यालयों में सूर्य सप्तमी के उपलक्ष्य में एक साथ सूर्य नमस्कार किया गया। सवाईपुर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में करीब 500 विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ ने एक साथ सूर्य नमस्कार किया। कार्यक्रम शारीरिक शिक्षक अशोक कुमार पोरवाल के निर्देशन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक सत्य प्रकाश भारद्वाज ने विद्यार्थियों को योग के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार केवल एक आयोजन या कार्यक्रम नहीं है, बल्कि इसे नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए, जिससे शरीर स्वस्थ और स्वच्छ रहता है। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बनकाखेड़ा के उप-प्रधानाचार्य जोगेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि विद्यालय में 218 विद्यार्थियों ने एक साथ सूर्य नमस्कार किया। कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश वैष्णव, प्रधानाचार्य बरदा लाल रेगर, योग प्रशिक्षक शिव प्रकाश सुथार सहित दयाशंकर खोईवाल, अनिल ओझा, हरि प्रकाश चिन्मेश वैष्णव, भंवर लाल, शांता त्रिपाठी, चंद्रकला पारीक, ममता तंवर, गोपाल लाल जाट, नारायण लाल, दिव्या पारीक सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## पत्थर श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की पहल

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**



पत्थर उद्योग में कार्यरत मजदूरों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की दिशा में अर्विकोन इंटरनेशनल द्वारा सराहनीय पहल की जा रही है। संस्था के सहयोग से बुधपुरा में संचालित मंजरी संस्थान तथा डाबी व धनेश्वर में संचालित सर्टिफिक्स संस्थान के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क स्कूल यूनिफॉर्म का वितरण किया गया।

संस्थाओं द्वारा उन बच्चों को विशेष रूप से चिन्हित किया गया, जो किसी कारणवश स्कूल नहीं जा पा रहे थे। ऐसे बच्चों को घर से लाकर संस्थानों में प्रारंभिक शिक्षा दी जाती है और एक से दो वर्ष की शैक्षणिक तैयारी के बाद उन्हें सरकारी विद्यालयों में नियमित रूप से प्रवेश दिलाया जाता है।

इस क्रम में अर्विकोन इंटरनेशनल के प्रबंधक ए.के. सिंह , राजनाथ , मनीष द्वारा तीनों केंद्रों पर 150 बच्चों को निःशुल्क स्कूल यूनिफॉर्म वितरित की गई। यूनिफॉर्म पाकर बच्चों के चेहरे पर उत्साह और खुशी साफ नजर आई।

## संगीतमय सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।**

नगर की राधा-कृष्ण कॉलोनी में शनिवार रात्रि को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। सुंदरकांड पाठ का आयोजन प्रसिद्ध कथावाचक पंडित देवकिशन शास्त्री, एवं उनकी टीम के सानिध्य में किया गया।

आयोजक एडवोकेट सत्यनारायण जीनगर ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संगीतमय सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

पाठ श्रवण के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे और भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कार्यक्रम में वरिष्ठ एडवोकेट कैलाशचंद्र





तम्बोली, विधायक प्रतिनिधि मनोज सनाढ्य, पार्षद पवनेश ओस्तवाल, एडवोकेट देवेंद्र पोरवाल, देवेंद्र तम्बोली, दिनेश तम्बोली, बनवारीलाल जीनगर सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## QUICK BITES

### पुलिस थाने में खुशी का माहौल, श्रवण विश्नोई बने एएसआई

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**



राजस्थान पुलिस में अपनी कर्तव्यनिष्ठा और सादगी के लिए पहचाने जाने वाले श्रवण विश्नोई को पदोन्नति का उपहार मिला है। हेड कांस्टेबल के पद पर रहते हुए बेहतरीन सेवाएं देने वाले विश्नोई अब सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हो गए हैं। इस उपलब्धि से पुलिस महकमे में हर्ष की लहर है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर आसींद थाना प्रभारी (सीआई) श्रद्धा पचौरी ने विश्नोई के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान सीआई पचौरी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह पदोन्नति उनकी कड़ी मेहनत और ईमानदारी का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विश्नोई नई जिम्मेदारी को भी उतनी ही निष्ठा के साथ निभाएंगे। सादा जीवन और कर्तव्यनिष्ठा की पहचान विश्नोई पुलिस महकमे में अपने शांत और सरल स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। सहकर्मियों के अनुसार, वे एक समर्पित पुलिसकर्मी के रूप में हमेशा भरोसेमंद रहे हैं। पदोन्नति के अवसर पर थाना स्टाफ ने भी उनका मुंह मीठा कराया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### रिंकू कीर ने फुलिया कलां का नाम किया गौरवान्वित

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



**(किशन वैष्णव)**राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय फुलिया कलां की छात्रा रिंकू कीर का चयन पद्माक्षी पुरस्कार योजना में हुआ है।। विद्यालय के प्राचार्य शंकर लाल जाट ने बताया कि छात्रा का चयन कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर मेरिट से हुआ है।चयनित बालिका के खाते में राज्य सरकार द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर पुरस्कार राशि?50000 डीबीटी से जमा करवाए गए हैं। इससे पूर्व छात्रा रिंकू का चयन मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना व डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम व्यक्तित्व विकास योजना के अंतर्गत भी हो चुका है । रिंकू कीर के पद्माक्षी पुरस्कार योजना व मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना में चयनित होने से पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर छा गई है। सभी क्षेत्र वासियों ने छात्रा व परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी। छात्रा के पिता द्वारका प्रसाद कीर किसान है एवं माता गृहिणी है। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय फुलिया कलां की कई छात्राएं अब तक गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार,एनएमएमएस योजना , इंस्पायर अवार्ड योजना , राज्य प्रतिभावान खोज परीक्षा सहित कई योजनाओं में लाभान्वित हो चुकी है।लगातार कई वर्षों से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सर्वोदय विचार परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर रही है।

### नारी शक्ति योजना के तहत आसींद में निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**



राज्य सरकार की मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना के तहत कस्बे में निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। कस्बे स्थित इन टेक कंप्यूटर सेंटर पर चयनित छात्राओं को आरएस-सीआईटी एवं टैली का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सेंटर निदेशक डॉ. दीपक कुमार चौधरी ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए चयनित बालिकाओं को डिजिटल साक्षरता व लेखांकन कौशल का प्रशिक्षण मिलेगा। इस अवसर पर पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकें वितरित की गईं। खुशबू माली ने छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में स्टाफ सहित प्रशिक्षणार्थी छात्राएं उपस्थित रहीं।

### 100 दिवसीय अभियानः बाल विवाह के विरुद्ध बच्चों को दिलाई शपथ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत महात्मा गांधी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय शाह जी मोहल्ला एवं महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुराना भीलवाड़ा में बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। बच्चों को बाल विवाह को सामाजिक बुराई व गैरकानूनी बताते हुए इसके दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में बाल अधिकार, बालिका शिक्षा व कानूनी प्रावधानों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि बाल विवाह कराने या उसमें शामिल होने पर दो वर्ष तक की सजा हो सकती है। जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम ने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी देते हुए कहा कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाती है। गतिविधि में प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।